विदर्भ के किसान द्वारा ज्वार की खरीदी व विक्री के समय और मात्रा

पी. एन. माथुर

यह एक प्रचलित धारणा है कि किसान को अपनी अनाज की पैदावार का जो कुछ भी भाग बेचना होता है उसको वह फसल की कटाई के बाद अधिक तर जल्दी ही बेच देता है. कटाई के बाद शीघ्रही, सम्पूर्ण विकाऊ[१] अनाज किसान के हाथ से निकल कर सौदागर के भण्डार में पहुंच जाता है. कुछ विशेषज्ञों की राय में किसान अपने घर के खर्चे के लिये भी पूरा पूरा अनाज कटाई के समय नहीं बचा पाता और कुछ महीनों बाद उसको वही अन्न अपने उपभोग के लिये बाजार से अधिक तर ज्यादा दाम पर खरीदना पडता है. प्रस्तुत लेख में विदर्भ के अकोला व अमरावती जिलों में किये गये अंश निरीक्षण[२] के आधार पर वहाँ के किसानों के ज्वार के क्रयविक्रय से सम्बन्धित भिन्न भिन्न आचारों का अध्ययन किया गया है. इसमें ज्वार के क्रयविक्रय के विभिन्न आचार जिस अनुपात में किसानों में पाये जाते है. उस की अनुगणना[३] की गयी है।

वस्तुलेखा[४]–संकलन

इस लेख का आधारभूत वस्तुलेखा अकोला व अमरावती जिलों में से चुने हुए दस दस गांवों से इकट्ठा किया गया है. ये गांव जिले के सम्पूर्ण गांवों में से इस प्रकार चुने गये थे कि प्रत्येक गांव के चुने जाने की सम्भावना बराबर थी. प्रत्येक चुने हुए गांव में एक योग्य व्यक्ति ने दो साल तक निवास किया. और चुने हुए आठ आठ किसानों का प्रतिदिन का सम्पूर्ण आर्थिक ब्योरा अंकित किया इन आठ आठ किसानों के चुने जाने का ढंग इस प्रकार था: प्रत्येक चुने हुए गांवों के सम्पूर्ण किसानों को उनकी खेती के क्षेत्र–विस्तार के अनुसार चार बराबर हिस्सों में बांट दिया गया. प्रत्येक हिस्से में से दो दो किसान इस प्रकार[५] से चुने गये जिस तरह कि उस हिस्से के प्रत्येक किसान के चुने जाने की सम्भावना बराबर हो.

१ बिकाऊ–marketable, जो कुछ भी उस पैदावार से बेचा जाना है.

२ अंशनिरीक्षण–Sample Survey, सारे किसानों की जगह कुछ किसानों को नमूने के तौर पर लेकर उन का अध्ययन करना. यह निरीक्षण 'योजना कमिशन' की आर्थिक सहायता से. उस समय की मध्य प्रदेश सरकार के कृषि विभाग द्वारा सम्पादित हुआ था। इसका तन्त्र मार्गदर्शन गोखले अर्थशास्त्र संशोधन संस्था के द्वारा हुआ। और संकलित लेखा का अध्ययन भी गोखले अर्थशास्त्र संस्था ने ही किया। इनका अहवाल केन्द्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है।

३ अनुगणना–estimate, पूरी गणना के जगह अंशरूप गणना के आधार पर पूरे के बारे में अनुमान.

४ वस्तुलेखा–Data, वस्तुस्थिति का वह लेखा जिसकी बुनियाद पर लेख लिखा गया है।

५ Ramdomly Selected, with equal probability.